कलेक्टर ने किया बस्तर तहसील में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन

कार्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। कलेक्टर रजत बंसल ने आज बस्तर तहसील में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने बस्तर तहसील मुख्यालय में ग्रंथालय का उन्नयन करने, पार्क में ओपन जिम स्थापित करने तथा तालाब के सौन्दर्यीकरण के संबंध में निर्देशित किया।

कलेक्टर ने बस्तर तहसील मुख्यालय में अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय और जनपद पंचायत

कार्यालय में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर कार्यालय में प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कार्यालय में प्राप्त सुविधाओं से संतुष्टि जताया। कलेक्टर ने इसके साथ ही उन्होंने भानपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर अनुविभागीय दण्डाधिकारी गोकुल रावटे, तहसीलदार कमल किशोर साहू, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयभान सिंह राठौर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलते है ऑटो चालक

ग्रामीण क्षेत्रो में करते हैं अधिक मनमानी

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। परिवहन विभाग ने लॉकडाउन समाप्त होने के बाद ऑटो चालको की संख्या निर्धारित कर उन्हे ऑटो चलाने की अनुमति दी थी लेकिन इन दिनो ऑटो चालक उन निर्देशो का गंभीरता से पालन करते नही नजर आते। खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रो के ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियो को बिठाकर चलाते अक्सर देखा जा सकता है।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कुछ महीने आटो चालको ने शासन के निर्देशानुसार कुछ महीने आटो चालको ने शासन के निर्देशानुसार यातायात नियमो का पालन किया। लेकिन विगत कुछ समय से ग्रामीण क्षेत्र के ऑटो चालक नियमो की धज्जियां उड़ाकर मनमानी तरीके से क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर वाहन चलाते देखे जाते हैं। ऑटो में अधिक सवारी होने से संतुलन बिगड़ने के कारण मोड़ पर ऑटो पलटने का खतरा बना रहता है। पूर्व में ऐसी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। उसके बाद भी कुछ ऑटो चालक पैसा कमाने के चक्कर में अधिक सवारी भरकर ऑटो दौड़ाते है, जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

वालीबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

जगदलपुर 22 फरवरी (सन्यूस) । बस्तर सांसद दीपक बैज एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष नारायणपुर विधायक चंदन कश्यप पहुंचे मर्दापाल के ग्राम हासेल रविवार को बस्तर सांसद व विधायक नारायणपुर के ग्राम हासेल (ग्राम पंचायत हथकली) पहुचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार नारे बाजी के साथ स्वागत किया। और अतिथियों द्वारा वालीबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

70 वर्षीय बुजुर्ग को पहुंचाया घर

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। धरमपुरा 2 पुलिस चौकी के सामने एक बुजुर्ग महिला रास्ता भटक कर पहुंची थी. डायल 112 की टीम द्वारा महिला से पुछने पर अपना नाम उवासी विश्वकर्मा पति सुखमण विश्वकर्मा (70) वर्ष निवासी नगरनार मांझी पारा बताई. रास्ते में कहीं गिर जाने से उसके बाएं हाथ में कलाई में मोच आया था। तत्काल महारानी हॉस्पिटल ले जाकर डॉक्टर को दिखाया। उसके कलाई के हड्डी फैक्चर हो गयी थी. डॉक्टर ने इलाज कर प्लास्टर करने के बाद दवाई दिया. बुजुर्ग महिला को डायल 112 ने नगरनार मांझी पारा पहुंचाया।

नगरनार संयंत्र के डीमर्जर के विरोध में मुख्यमंत्री से मिलेगा फेडरेशन

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। जिले के नगरनार इस्पात संयंत्र के डीमर्जर और निजीकरण के विरोध में सर्किट हाउस में फेडरेशन और मजदूर संगठनों के पदाधिकारी सांसद दीपक बैज से मिलने पहुंचे, जहां आंदोलन को तेज करने पर रणनीति बनाई गई। सांसद को हैदराबाद में हुई बैठक की जानकारी दी गई, वहीं आंदोलन को तेज करने मुख्यमंत्री से मुलाकात करवाने सांसद से उन्होंने मांग की जिसके बाद यह तय हुआ कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

इस दौरान श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

मजदूर संगठन नगरनार इस्पात संयंत्र के डीमर्जर को लेकर लगातार विरोध कर रहे हैं, वहीं हैदराबाद में एनएमडीसी प्रबंधन के साथ हुई ऑल इंडिया एनएमडीसी वर्कर्स फेडरेशन की बैठक में भी दोनों ही मामलों को लेकर एनएमडीसी ने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसे में अब मजदूर संगठनों ने आगे की गतिविधियों और आंदोलन की रणनीति बनानी शुरू कर दी है, जिसके तहत मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

कन्या शाला क्रमांक-2 में मनाई गई लार्ड बेडेन पावेल की जयंती

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-दो जगदलपुर में विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर स्काउटिंग के जन्मदाता, लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस मनाया गया। लार्ड बेडेन के छाया चित्र पर जिला आयुक्त गाईड श्रीमती सुधा परमार जिला संयुक्त आयुक्त स्काउड् दशरूराम यादव, श्रीमती ललीता यादव, डीओसी गाईड एवं श्रीमती शालिनी डेविड जिला प्रशिक्षण आयुक्त द्वारा माल्यार्पण किया गया। जिला आयुक्त गाईड सुधा परमार द्वारा अनुशासन के साथ सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने के लिए बच्चों को प्रेरित करते हुए उज्वल भविष्य की कामाना की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मीरा हिरवानी गाईड कैप्टन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गाईड कुमारी सुष्मिता थापा द्वारा लार्ड बैडेन की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर गाईड कैप्टन जयंती लोहना सहित गाईड उपस्थित थे।

अधिवक्ता संघ ने एसपी से की गवाह की शिकायत

जगदलपुर 22 फरवरी (सन्यूस) । जिले के थाना नगरनार में एनडीपीएस एक्ट के दर्जनों मामले में एक ही गवाह का नाम लगातार सामने आ रहा है। थाना की कार्रवाई में इसी एक गवाह का जिक्र बारबार होता है, और यह गवाह कोर्ट के सामने प्रस्तुत होने के लिए मनमानी रवैया अपनाए हुए है। इस बात की शिकायत जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने एसपी से की है।

अधिवक्ता संघ ने जारी पत्र में बताया है कि नगरनार निवासी वहीद अहमद को पुलिस एनडीपीएस मामलों में साक्षी बनाती रहती है। यह प्रकरण न्यायालय के सामने पेश किए जाते हैं। साक्षी वहीद अहमद को जब बुलाया जाता है तो वह उपस्थित होने के नाम पर भ्रष्ट रवैया अपनाता है। आरोपियों के परिजन ने भी शिकायत की है कि यह गवाह पक्ष या पक्षद्रोही होने के लिए अनैतिक तौर से मांग करता है।

माँ साई कला केंद्र द्वारा शास्त्रीय नृत्य कला कत्थक का प्रदर्शन

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। माँ साई कला केंद्र द्वारा दिन रविवार को भारतीय संस्कृति के प्रमुख नृत्य कत्थक का प्रदर्शन किया गया। प्राचार्य श्रीमती प्राची परिहार द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया नृत्य कला कत्थक को व्यापक करना एवम अधिक से अधिक क्षेत्रो में पहुचना एवम संस्कृति का संरक्षण करना माँ साई कला केंद्र का उद्देश्य रहा है। कत्थक उत्तर भारत की नृत्य शैली है यह बहुत प्राचीन शैली है। रामायण में कत्थक का वर्णन है। भगवान श्री राम की ही स्तुति की जाती थी।

कार्यक्रम का आयोजन चेम्बर भवन में किया गया। माँ साई कला केंद्र की स्थापना 2017-2018 में हुई थी,जो दलपत सागर वार्ड के बैला बाजार में स्थित है। प्राचार्य श्रीमती प्राची परिहार इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से सम्बद्ध है। कत्थक नृत्य में एम.ए.,एम फील की उपाधि प्राप्त है। अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता कटनी मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त एवम गोल्ड मैडल सहित नृत्य श्री उपाधि की भी विजेता रही है। भोरमदेव,रतनपुर महोत्सव में भी अपनी प्रस्तुति दी है। नृत्य को बढ़ावा देने हेतु पूर्णत: समर्पित रही है। इस कला केंद्र में मोनिका शुक्ला शिक्षक के रूप में अपनी सेवा दे रही है।

कार्यक्रम की शुरुवात संस्था के ही छात्राओं द्वारा एवम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवम दिप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम संस्था के छात्राओं द्वारा अपने अपने माता एवम पिता का पुष्प से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नृत्य की शुरुवात शिव वंदना से किया गया, कु मोक्षी पांडेय ने अपनी प्रस्तुति दी। गुरु वंदना, ताल त्रिताल में कविता और तिहाई, कत्थक फ्यूजन, ठुमरी और परण, राग कलावती में तराना, भारतीय गायन, गायन राग,कत्थक नृत्य में चतुरंग, ताल त्रिताल में ठाट,आमद,परन एवम तिहाई के माध्यम से प्रस्तुति दी गई जिसमें कु.दिव्यानी सिंह राणा, कु.आराध्या शर्मा, कु.प्रकृति, कु.शिप्रा, कु.दीक्षा, कु.समीरा, कु.श्रेष्ठा देवांगन, कु.नीतिजा झा, कु.आर्य तिवारी, कु.प्रभा दुबे, श्रीमती पूजा नायक, कु.सुगंधा सुमनदान, कु.अवनी शुक्ला, कु.वीरा टांक, कु.वृद्धि पिछे, कु.कुमकुम वासनिक, कु.नूपुर दान, कु.विशाला ठाकुर, कु.जसमीत सिंह ने भाग लिया।जिसमे तबला वादक रोहन और भोजराज ने संगत किया। आभार श्रीमती मोनिका शुक्ला एम ए कत्थक द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर पूरन सिंह परिहार, विद्या शरण तिवारी, संग्राम सिंह राणा, स्मृता दुबे, ममता राणा, संजय दान, जैकलीन दान, जयंत शुक्ला, योगेश टांक, शिव शंकर पिछे, मुकेश वासनिक, कमलेश पांडेय, पायल पांडेय, संजय शर्मा, जयंत शुक्ला, संजय झा, दिव्यराज सिंह राणा, शिवम तिवारी, विनायक तिवारी, सहित बच्चो के माता पिता उपस्थित थे।

चिंगपाल लेम्पस प्रभारी प्रबंधक को किया गया निलबित

धान खरीदी की तिथि समाप्त होने के बाद केन्द्र में भण्डारण की शिकायत

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। चिंगपाल लेम्पस के प्रभारी प्रबंधक ईश्वर दास के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही के साथ ही विभागीय जांच भी सस्थित की गई है। सहकारी संस्थाएं के संयुक्त पंजीयक ने बताया कि लेम्पस प्रभारी प्रबंधक के विरुद्ध यह कार्यवाही धान खरीदी की तिथि समाप्त होने के बाद खरीदी केन्द्र में धान भण्डारण के कारण की गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी की निर्धारित तिथि 31 जनवरी के बाद धान खरीदी केन्द्र में भण्डारण की शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर श्री रजत बंसल द्वारा कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। कृषि उपज मंडी जगदलपुर के सचिव द्वारा 130 बोरा धान जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। कलेक्टर श्री बंसल के निर्देशानुसार सहकारी संस्थाएं के संयुक्त पंजीयक एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की गई जांच के बाद निलंबन की कार्यवाही करते हुए विभागीय जांच सस्थित की गई है।

छः नए राजस्व निरीक्षक मंडलों का किया जाएगा गठन

सात मार्च तक मंगाई गई दावा आपत्ति

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। बस्तर जिले प्रशासनिक सुविधा के लिए छः नए राजस्व निरीक्षक मंडलों का गठन किया जाएगा। इनमें बस्तर तहसील में लामकेर एवं मुण्डागांव, लोहण्डीगुड़ा तहसील में मारडूम, बास्तानार तहसील में बड़े किलेपाल, दरभा तहसील में नेगानार और तोकापाल तहसील में करंजी राजस्व निरीक्षक मंडल का गठन किया जाएगा। इससे बस्तर जिलें में राजस्व निरीक्षक मंडलों की संख्यां 14 से बढ़कर 20 हो जाएगी। राजस्व निरीक्षक मंडल के पुनर्गठन का प्रस्ताव जिले के सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सर्व तहसीलदार के न्यायालय में उपलब्ध है।

उक्त प्रस्ताव के संबंध में किसी भी व्यक्ति, या संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर कलेक्टर रीडर शाखा में न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के समापन पश्चात किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

अंकेक्षण, निरीक्षण एवं लेखा संधारण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

जगदलपुर, 22 फरवरी (सन्यूस)। बस्तर कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र के मार्गदर्शन में कार्यालयीन कार्यो एवं अभिलेख संधारण में सुधार लाने हेतु संभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में किया गया। कमिश्नर श्री चुरेन्द्र के द्वारा कार्यालयों में संधारित की जाने वाली लेखाओं का संधारण तथा अभिलेखों का उचित रख-रखाव में सुधार हेतु संभाग के सभी आहरण सह वितरण अधिकारी एवं संबंधित लेखा लिपिकों के लिए कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में संभाग के सातों जिलो के संबंधित कार्यालय से लगभग 170 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यशाला को संभाग के समस्त सात जिलो के लगभग 900 आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को लाभान्वित करने की दृष्टि से ऑनलाइन प्रसारित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, संयुक्त संचालक वित्त दीवाकर राठौर, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी धीरज नशीने सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

छग मरदसा बोर्ड द्वारा आयोजित पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा फार्म बस्तर हाई स्कूल में उपलब्ध

जगदलपुर 22 फरवरी (सन्यूस) । छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2021 एवं उर्दू अदीब/उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2021 के आवेदन फार्म अग्रेषण केन्द्र शास. बहु. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) जगदलपुर में उपलब्ध हैं। ऐसे परीक्षार्थी जो किसी कारणवश आगे की पढाई छोड चुके हैं उनके लिये छ.ग. मदरसा बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने का सुअवसर प्रदान कर परीक्षार्थी के भविष्य को संवारने में सतत् प्रयत्नशील है। हायर सेकेण्डरी/ हाई स्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2021 परीक्षा आवेदन फार्म सामान्य शुल्क के साथ जमा करने रू. 250/- के साथ जमा करने की अंतिम तिथि 30 मार्च तथा विशेष विलम्ब शुल्क रू. 500/- के साथ परीक्षार्थी द्वारा अग्रेषण केन्द्र में जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रेल छ.ग. मदरसा बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई है। परीक्षा प्रविष्ट होने के लिए उर्दू भाषा का सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है। जिसके लिए आवेदन पत्र के अंतिम पृष्ठ पर उर्दू भाषा के प्रारंभिक ज्ञान होने का हलफनामा संलग्न है जिसे अग्रेषणकर्त्ता अधिकारी के समक्ष प्रविष्टि पूर्ण करनी होगी। परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा का माध्यम उर्दू अथवा हिन्दी का चयन किया जा सकेगा। परीक्षार्थी कला, वाणिज्य, विज्ञान अथवा गणित संकाय में से किसी एक संकाय का चयन कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकेगा। संकायवार शुल्क अलग-अलग निर्धारित हैं।